# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, सारंडा अभ्यारण्य पर लाया जा सकता है प्रस्ताव।**
2. **घाटशिला उपचुनाव को लेकर भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची, झामुमो ने कल बुलाई केन्द्रीय समिति की बैठक।**
3. **राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज, रांची, हजारीबाग और खूंटी से पुलिस ने चार नक्सलियों को किया गिरफ्तार।**
4. **मौसम विभाग ने राज्य से दक्षिण–पश्चिम मानसून की विदाई की आधिकारिक घोषणा की, तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड ने दी दस्तक।**
5. **भुवनेश्वर में चल रही 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड की टीम का शानदार प्रदर्शन, बालिका अंडर 18 मिडल रिले में जीता कांस्य पदक।**

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में सारंडा वन्य अभ्यारण्य के लिए गठित मंत्रियों का समूह अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। चर्चा होने के बाद सरकार सारंडा को वन्य अभयारण्य भी घोषित कर सकती है। कैबिनेट में नगर निकाय चुनाव के बारे में भी प्रस्ताव आ सकता है। इसके अलावा राज्यहित में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये जा सकते हैं।

*****************

भाजपा ने घाटशिला उपचुनाव के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। यह सूची पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह की ओर से जारी की गई है। पार्टी के स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और जुएल ओराम के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल लाल मरांडी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, चंपाई सोरेन, मधु कोडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू भी प्रमुख रुप से शामिल हैं।

*****************

इधर झामुमो ने कल विस्तारित केंद्रीय समिति की रांची में बैठक बुलाई है। बैठक में घाटशिला उपचुनाव पर रणनीति तैयार की जायेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस दौरान प्रत्याशी के नाम पर अंतिम मुहर लगायी जायेगी। पार्टी नेताओं के अनुसार दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

*****************

राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में रांची, हजारीबाग और खूंटी से पुलिस और सुरक्षा बलों ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। रांची के मैकलुस्कीगंज से दो टीपीसी नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि इस दौरान पुलिस की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ भी हुई, जिसमें एक नक्सली घायल हो गया।

*****************

उधर, हजारीबाग में पुलिस ने भाकपा माओवादी के पूर्व जोनल कमांडर सुनील गंझू को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि राज्य का बहुचर्चित बेलतू नरसंहार मामले में भी यह शामिल था।

उधर, खूंटी जिले में पुलिस ने पीएलएफआई नक्सली जुनूल सांगा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को पिछले 16 वर्षों से उसकी तलाश थी।

*****************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में रबी फसल के बीज वितरण का कार्य कलस्टर के फार्मूले पर तय होगा। इसके तहत 80 से 100 गांवों को मिलाकर कलस्टर निर्माण किया जायेगा।

*****************

दुमका में छात्रों के लिए हर दिन 24 घंटे अकादमिक सहायता और ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव से पूरे देश को लाभ हो रहा है। जीएसटी सुधार के प्रभावों की कड़ी में आज प्रस्तुत है संशोधित दरों से महाराष्ट्र के उद्योगों को मिलने वाली मजबूती के बारे में एक रिपोर्ट

*****************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- सेना के कब्जे वाली रांची के बरियातू की जमीन की खरीद–बिक्री के मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन जेल से बाहर आ गये हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी थी।
- आसनसोल डिविजन की डीआरएम विनिता श्रीवास्तव ने देवघर के जसीडीह स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।
- दुमका–बासुकीनाथ पथ का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने इस सिलसिले में संबंधित अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये हैं।

*****************

मौसम विभाग ने आधिकारिक रूप से झारखंड से दक्षिण–पश्चिम मानसून की विदाई की घोषणा कर दी है। इस वर्ष झारखंड में मानसून का आगमन 17 जून को हुआ था। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून की विदाई के साथ ही राज्य में ठंड ने दस्तक दे दी है।

*****************

ओडिशा के भुवनेश्वर में चल रही 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। चौथे दिन बालिका अंडर– 18 मिडल रिले में पुतुल बास्की, अनामिका उरांव, आशा कुमारी और पूनम कुमारी की टीम ने कांस्य पदक जीता। अब तक झारखंड के एथलीटों ने इस प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीते हैं। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल मंत्री सुदीव्य कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

*****************

**और अब अख़बारों की सुर्खियां**–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आईआरसीटीसी घोटाला में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर आरोप गठित होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से जगह दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– ईपीएफ के खाते से सौ प्रतिशत तक राशि निकाल सकेंगे सदस्य।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– तुपुदाना और मैकलुस्कीगंज में मुठभेड़, हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार।

**प्रभात खबर** लिखता है– रिम्स में रैगिंग की शिकाय, पांच सीनियर्स के अभिभावकों को नोटिस।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं–डीएमएफटी फंड में 11 अरब घाटोले का दावा, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब।

********समाप्त*********